दैनिक
# उत्तराखण्ड प्रहरी

वर्ष 15 /अंक 83 / पृष्ठ 8
हरिद्वार, सोमवार, 22 मई 2023
uttarakhandprahari19@gmail.com | e-paper: uttarakhandprahari.com
उत्तराखण्ड का सबसे विश्वसनीय मीडिया पार्टनर
RNI No. : - UTTHIN/2009/27592



विदेश व्यापार घाटे की चुनौती
हिरोशिमा क्वाड शिखर सम्मेलन: पीएम मोदी....

मूल्य- 2 रु.

# भाजपा ने ही मोदी के रूप में देश को ओबीसी प्रधानमंत्री दिया: अमित शाह

## कांग्रेस ने अपने शासन में रहते हुए हमेशा ओबीसी का अपमान किया

**अहमदाबाद, (भाषा)।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को विपक्षी कांग्रेस पर केंद्र में अपने शासन के दौरान अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) को परेशान करने और उसे अपमानित करने का आरोप लगाया और कहा कि यह भाजपा ही है, जिसने नरेंद्र मोदी के रूप में देश को ओबीसी प्रधानमंत्री दिया। मोदी समुदाय के राष्ट्रीय सम्मेलन को यहां संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि मोदी ने ओबीसी को उसका उचित सम्मान दिया और उन्होंने गरीब नागरिकों की पीड़ा को समझा, क्योंकि वह स्वयं ऐसे परिवार में पैदा हुए हैं।




साल 2019 के आपराधिक मानहानि मामले में कांग्रेस नेता राहुल गांधी की दोषसिद्धि का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि यदि कोई किसी व्यक्ति का अपमान करता है, तो कोई बड़ी बात नहीं होती है, लेकिन यदि कोई किसी पूरे समुदाय एवं प्रधानमंत्री का अपमान करता है, तो यह पूरे देश का अपमान है। शनिवार से अपने गृह राज्य गुजरात की यात्रा पर आए शाह ने कहा, '' केंद्र में अपने शासनकाल के दौरान कांग्रेस ने बस ओबीसी की उपेक्षा की, उसका उत्पीड़न एवं अपमान ही किया। जैसे ही भाजपा सत्ता में आयी, प्रधानमंत्री मोदी ने ओबीसी समुदाय को उसका उचित सम्मान दिया। यह भाजपा ही है, जिसने मोदी के रूप में देश को ओबीसी प्रधानमंत्री दिया।'' उन्होंने मोदी समुदाय को सूचित किया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने कई ओबीसी मुख्यमंत्री दिये और ओबीसी आयोग को संवैधानिक दर्जा भी दिया। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि पिछड़ा वर्ग के कल्याण के लिये मोदी द्वारा उठाये गये कदमों में केंद्रीय एवं नवोदय विद्यालयों में आरक्षण शुरू करना, राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) में आरक्षण, ओबीसी उद्यमियों के लिए उपक्रम पूंजी कोष बनाना शामिल है। शाह ने कहा, '' कांग्रेस ने करीब 56 साल शासन किया, लेकिन उसने ओबीसी के लिए कुछ नहीं किया।

## शाह ने राष्ट्रीय तटीय पुलिस अकादमी परिसर का शिलान्यास किया

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को गुजरात के द्वारका में 470 करोड़ रुपये की लागत से राष्ट्रीय तटीय पुलिस अकादमी के स्थायी परिसर का शिलान्यास किया। इस अवसर पर केन्द्रीय गृह सचिव और सीमा सुरक्षा बल के महानिदेशक सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। शाह ने कहा कि विषम मौसम और भौगोलिक परिस्थिति में तटीय सुरक्षा को और मजबूत बनाने के लिए 450 एकड़ से अधिक भूमि पर राष्ट्रीय तटीय पुलिस अकादमी बनाने की शुरूआत हुई है। उन्होंने कहा कि सरकार की नीतियों से देश और उसकी सीमाओं की सुरक्षा मज़बूत हुई है। श्री शाह ने कहा, "सीमा सुरक्षा को मज़बूत करने के लिए ये ज़रूरी है कि हमारे सीमा प्रहरियों के रहने और काम करने की सुविधा में बढ़ोतरी हो, उनके परिवारजनों के स्वास्थ्य की चिंता सरकार करे और सुरक्षा के लिए उन्हें अत्याधुनिक ज़रूरी साधन मुहैया कराए जाएं। इन तीनों क्षेत्रों में मोदी सरकार ने कोई कसर नहीं छोड़ी है और हमारे सुरक्षाबलों को सभी प्रकार की सुविधाएं देने का प्रयास किया है।'' केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि हाल ही में भारतीय नौसेना और मादक पदार्थ नियंत्रण ब्यूरो ने मिलकर खुफिया ऐजेंसियों के सहयोग से 12 हज़ार करोड़ रूपए की ड्रग केरल के समुद्री तट से पकड़ने का काम किया है।



## हिरोशिमा क्वाड शिखर सम्मेलन: नेताओं ने इंडो-पैसिफिक पर केंद्रित कई महत्वपूर्ण पहलों की घोषणा



**नई दिल्ली/हिरोशिमा, (वार्ता)** हिरोशिमा में क्वाड सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित चार देशों के नेताओं ने इंडो-पैसिफिक पर केंद्रित कई पहलों की घोषणा की। जिसमें इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोग्राम, केबल के लिए कनेक्टिविटी और लचीलापन और क्वाड इन्वेस्टर्स साझेदारी नेटवर्क शामिल है।।

**विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने एक ट्वीट में कहाः**

"प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीज, जापान के प्रधानमंत्री फुमियों किशिदा और अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाईडेन के साथ तीसरे इन-पर्सन क्वाड लीडर्स समिट में शामिल हुए।"

"नेताओं ने स्वास्थ्य सुरक्षा, जलवायु परिवर्तन, महत्वपूर्ण और उभरती प्रौद्योगिकियों, बुनियादी ढांचे, कनेक्टिविटी और समुद्री डोमेन जागरूकता पर भारत-प्रशांत की प्राथमिकताओं को संबोधित करने के प्रयासों की समीक्षा की।"

## देश की राजनीति जल्द ले सकती है करवट: सुप्रीमो मायावती


**नयी दिल्ली, (वार्ता)।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) सुप्रीमो मायावती ने रविवार को कहा कि जुमलेबाजी और धर्म की राजनीति से जनता उकता चुकी है जिससे निकट भविष्य में देश की राजनीति करवट ले सकती है।



सुश्री मायावती ने रविवार को दिल्ली, हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर और झारखण्ड में पार्टी संगठन के कार्यकलापों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि राजनीति दलों के चुनावी वादे, वादाखिलाफी, विषैले भाषणों के अलावा धर्म का राजनीतिक स्वार्थ के लिए अत्याधिक और अनुचित इस्तेमाल लोगों को रास नहीं आ रहा है। लोगों की जागरुकता से आने वाले समय में देश की राजनीति के करवट बदलने की संभावना है। देश के विभिन्न राज्यों और केन्द्र शासित क्षेत्रों में गरीबों, मजदूरों, उपेक्षितों-शोषितों के जीवन में आपेक्षित बेहतरी की बजाय उनके हालात बदतर होते जा रहे हैं जो चिंता का विषय है।

बसपा अध्यक्ष ने कहा कि वास्तव में करोड़ों गरीबों, मेहनतकशों और उपेक्षितों के अपेक्षित विकास तथा तरक्की को लेकर सरकारों की नीयत व नीति सही व ईमानदार नहीं होने के कारण इनके हालात नहीं सुधर रहे हैं जो बहुप्रचारित विकास के सरकारी दावे की पोल खोलता है। साथ ही, रिजर्व सरकारी नौकरी में बैकलॉग तथा आरक्षण को निष्क्रिय और निष्प्रभावी बना दिये जाने से एससी, एसटी तथा ओबीसी वर्ग के परिवार चिन्तित एवं उद्वेलित है। उन्होंने कहा कि केन्द्र और दिल्ली सरकार में आपसी अविश्वास, असहयोग तथा टकराव से आम जनहित प्रभावित हो रहे है जबकि दिल्ली को आपसी सहयोग से विकास, जनहित एवं जनकल्याण की बेहतरीन मिसाल होना चाहिए। दोनों सरकारों के बीच अन्तहीन टकराव दुःखद एवं चिंता का विषय है। जम्मू-कश्मीर के राजनीतिक हालात की चर्चा करते हुये उन्होंने कहा कि पर्वतीय प्रदेश में भी पार्टी के लोग अपनी तैयारी पूरी रखें क्योंकि और अधिक समय तक चुनाव टालने के बजाय वहां विधानसभा का आमचुनाव कभी भी संभव हो सकता है वहीं हिमाचल प्रदेश में भी बसपा को अपनी तमाम कमियों को दूर करके आगे बढ़ना जरूरी हो गया है।

## सोनिया, राहुल, प्रियंका, खड़गे ने राजीव गांधी को दी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि



**नयी दिल्ली (वार्ता)।** कांग्रेस नेताओं ने पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की 32वीं पुण्यतिथि पर उनके समाधि स्थल वीर भूमि जाकर उन्हें आज यहां श्रद्धांजलि अर्पित की। पूर्व प्रधानमंत्री की पत्नी तथा कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी ने वीर भूमि जाकर अपने पति की समाधि पर पुष्प अर्पित कर उन्हें अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे, पार्टी नेता राहुल गांधी, प्रियंका गांधी वाड्रा तथा अनेक प्रमुख नेताओं ने पूर्व प्रधानमंत्री की शहादत दिवस पर उनकी समाज वीर भूमि जाकर उन्हें पुष्प अर्पित किये।

## नये संसद भवन का उद्घाटन क्यों करें मोदी: राहुल

**नयी दिल्ली, (वार्ता)।** संसद के नये भवन के उद्घाटन को लेकर राजनीति शुरू हो गई है और इस क्रम में कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भवन के उद्घाटन करने के कार्यक्रम पर सवाल उठाते हुए रविवार को कहा कि देश के नए संसद भवन का लोकार्पण राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु को करना चाहिए। गांधी ने ट्वीट किया, नये संसद भवन का उद्घाटन राष्ट्रपति जी को ही करना चाहिए, प्रधानमंत्री को नहीं। गौरतलब है की दो दिन पहले ही लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने ट्वीट करके जानकारी दी थी कि प्रधानमंत्री 28 मई को नये संसद भवन का उद्घाटन करेंगे।

## आवश्यक सूचना

'उत्तराखंड प्रहरी' के सभी पाठकों को सूचित किया जाता है कि आप अपने प्रिय अखबार 'उत्तराखंड प्रहरी' महाभियान में शामिल हो सकते हैं। आप अपने द्वारा लिखी गई कोई भी संरचना, कविता, कहानी, लेख या कार्यक्रम हमसे साझा कर सकते हैं। अच्छे लेख व कहानी को 'उत्तराखंड प्रहरी' में उचित स्थान दिया जाएगा। आप अपने प्रियजनों को जन्मदिन, सालगिरह या अन्य शुभ अवसरों पर बधाई संदेश भी दे सकते हैं।

आप हमें ईमेल uttarakhandprahari19@gmail.com या whatsup no 8077771906 पर भी भेज सकते हैं।

## संपादकीय

# यह नोटबंदी नहीं है

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने 2000 रुपए का 'गुलाबी नोट' बंद कर दिया है। भविष्य में यह नोट चलन में नहीं होगा। अलबत्ता 30 सितंबर, 2023 तक देशवासी बैंकों में जाकर इस नोट को बदलवा सकते हैं अथवा अपने खाते में जमा कर सकते हैं। एक बार में 2000 रुपए के 10 नोट, यानी 20,000 रुपए, ही बदलवाए जा सकेंगे। खाते में कितनी भी राशि जमा की जा सकेगी। सिर्फ 'केवाईसी' की औपचारिकता पूरी करनी होगी। 'गुलाबी नोट' से जुड़ी बैंकों की प्रक्रिया 23 मई से शुरू होगी। फिलहाल सितंबर के बाद भी 2000 का नोट 'मान्य' होगा, ऐसा आरबीआई के शीर्ष अधिकारियों का कहना है। यह नोटबंदी इसलिए नहीं है, क्योंकि हमारे देश की करीब 10.8 फीसदी मुद्रा ही 2000 के नोट के रूप में है। जब प्रधानमंत्री मोदी ने 8 नवम्बर, 2016 की रात्रि 8 बजे नोटबंदी की घोषणा की थी और रात्रि 12 बजे से ही 500 और 1000 रुपए के नोट 'कागज का टुकड़ा' हो गए थे, तब 86 फीसदी से अधिक मुद्रा के चलन पर असर पड़ा था। हालांकि तब भी 100, 50, 20 और 10 रुपए के नोट चलन में थे। फिर भी नकदी के संकट की भरपाई के लिए 2000 रुपए का नोट शुरू किया गया था। आरबीआई अब स्पष्ट कर रहा है कि 2000 का नोट 'अस्थायी बंदोबस्त' था। केंद्रीय बैंक ने बहुत पहले 'गुलाबी नोट' को वापस लेने की प्रक्रिया शुरू कर दी थी, लिहाजा 2018-19 के बाद एक भी 'गुलाबी नोट' नहीं छापा गया। बीती मार्च, 2023 में 2000 के 181 करोड़ नोट ही चलन में बचे थे, जिनका कुल मूल्य 3.62 लाख करोड़ रुपए बनता है। देश की करीब 3.5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था में यह राशि नगण्य है।

बहरहाल नोटबंदी या नोटबदली आरबीआई के अधिकार-क्षेत्र की प्रक्रिया है। कांग्रेस नेतृत्व की यूपीए सरकार के दौरान 2013 में कुछ नोटों की सीरिज वापस ले ली गई थी। कोई हंगामा नहीं मचा। कोई सियासी दुष्प्रचार नहीं किया गया। अब तो प्रधानमंत्री मोदी की पढ़ाई पर सवाल किए जा रहे हैं। केजरीवाल और उनकी पार्टी को ज्यादा ही चिंता है। वे इसे 'राष्ट्रीय संकट' करार देने के मूड में हैं। पूर्व केंद्रीय वित्त मंत्री चिदंबरम ने कहा है कि मूर्खता छिपाने के लिए यह 'गुलाबी नोट' लाया गया था। नोटबंदी का समग्र मामला सर्वोच्च अदालत तक पहुंचा। न्यायिक पीठ ने न तो इसे 'अवैध' करार दिया और न ही सरकार के आर्थिक निर्णय में कोई हस्तक्षेप किया। जो दल और नेता नोटबंदी को बेहद असंवैधानिक मान रहे थे, उन्हें सर्वोच्च अदालत के फैसले के बाद खामोश होना पड़ा। यह सवाल जिज्ञासा के स्तर पर जरूर किया जाना चाहिए कि नवम्बर, 2016 में 2000 रुपए का नोट लाया गया और 2018-19 के बाद एक भी 'गुलाबी नोट' छापा नहीं गया। आरबीआई ने इस नोट को समेटना शुरू कर दिया। यह नोट एटीएम से भी नहीं निकलता है। यह हमारा निजी अनुभव भी रहा है। आम आदमी बहुत कम इस्तेमाल करता रहा है। जांच एजेंसियों की ऐसी रपटें सामने आती रही हैं कि काला धन, हवाला आदि के छापों में जो नकदी बरामद किया गया है, उनमें 95 फीसदी 2000 और 500 रुपए के नोट ही होते हैं। बीते 6 साल में केंद्रीय बैंक ने 102 करोड़ रुपए मूल्य के 'गुलाबी नोट' नष्ट किए हैं। क्या यह नोट इतना 'अल्पकालिक' था? क्या बड़े भ्रष्टाचार, जमाखोरी, आतंकवाद की फंडिंग आदि के लिए ही यह नोट कारगर रहा? चूंकि 2000 का नोट बाजार से वापस लेने का निर्णय लिया गया है, लिहाजा उसके स्थान पर 500 और 200 रुपए के अधिक नोट बैंक ने छाप दिए होंगे! आरबीआई ने 'क्लीन नोट पॉलिसी' के तहत 2000 का नोट बंद किया है।

# विदेश व्यापार घाटे की चुनौती

डा. जयंतीलाल भंडारी



हाल ही में फेडरेशन ऑफ इंडियन एक्सपोर्ट आर्गेनाइजेशंस (फियो) के कार्यक्रम में यह बात एक मत रेखांकित हुई है कि रूस-यूक्रेन युद्ध में तेजी से आने वाला समय देश से निर्यात के लिए काफी चुनौतीपूर्ण व कठिन होने जा रहा है। ऐसे में हमें जहां निर्यात के नए बाजार खोजने होंगे, वहीं कम जरूरी उत्पादों का आयात नियंत्रित करना होगा। तभी देश के विदेश व्यापार के घाटे में कमी लाई जा सकेगी। गौरतलब है कि हाल ही में जारी आंकड़ों के मुताबिक वित्त वर्ष 2022-23 में भारत से उत्पादों का निर्यात 447 अरब डॉलर और सेवा निर्यात 323 अरब डॉलर यानी कुल 770 अरब डॉलर रहा है। यद्यपि यह देश से निर्यात का सर्वोच्च स्तर है, लेकिन वर्ष 2022-23 में भारत का कुल व्यापार घाटा इससे पिछले वर्ष के 83 अरब डॉलर से बढक़र 122 अरब डॉलर हो गया है। अब इस वर्ष व्यापार घाटे के और बढने की आशंका है।

स्पष्ट दिखाई दे रहा है कि चालू वित्त वर्ष 2023-24 उत्पाद निर्यात के लिहाज से बेहतर नहीं रहने वाला है। भारत अपने कुल उत्पाद निर्यात का सबसे अधिक करीब 17.50 फीसदी निर्यात अमेरिका को करता है, जो मंदी की चपेट में आता दिख रहा है। अमेरिका में महंगाई अपने चरम पर है और इसे रोकने के लिए अमेरिकी फेडरल बैंक लगातार ब्याज दरों में इजाफा कर रहा है। यूरोप की आर्थिक दशा भी ठीक नहीं चल रही है। रूस-यूक्रेन युद्ध के बीच यूरोप के अधिकतर देश गैस व खाद्य संकट से जूझ रहे हैं जिससे वहां महंगाई बढने के साथ औद्योगिक उत्पादन भी कम हो गया है। संभवतया यही कारण है कि वाणिज्य विभाग की तरफ से चालू वित्त वर्ष 2023-24 के लिए कोई निर्यात लक्ष्य अब तक तय नहीं किया गया है। पिछले वित्त वर्ष में उत्पाद व सेवा निर्यात जिस ऊंचाई पर रहा है, इस बार निर्यात का उस मंजिल तक भी पहुंचना आसान नहीं दिख रहा है।

दूसरी ओर बढ़ते हुए आयात रोकना भी मुश्किल हैं। भारत का कुल आयात पिछले वित्त वर्ष 2022-23 में 892 अरब डॉलर रहा, जो वित्त वर्ष 2021-22 में 760 अरब डॉलर था। आयात में कमी लाना चुनौती दिखाई दे रही है। यद्यपि चीन और भारत के बीच सीमा पर लगातार तनाव बढ़ा हुआ है, लेकिन फिर भी विदेश व्यापार के क्षेत्र में भारत की चीन पर निर्भरता बनी हुई है। इस समय चीन से लगातार बढ़ता व्यापार असंतुलन पूरे देश की एक बड़ी आर्थिक चिंता का कारण बन गया है। वर्ष 2021-22 में चीन से 54.57 अरब डॉलर मूल्य का आयात किया गया था। किन्तु वर्ष 2022-23 में चीन से कुल आयात बढक़र 98.51 अरब डॉलर हो गया है। जबकि वर्ष 2021-22 में चीन को किया गया निर्यात 21.26 अरब डॉलर था। जोकि वर्ष 2022-23 में घटकर 15.32 अरब डॉलर रह गया।

ऐसे में पिछले वित्त वर्ष में चीन से व्यापार घाटा बढक़र 83.19 अरब डॉलर हो गया है। निश्चित रूप से चालू वित्तीय वर्ष में विदेश व्यापार में घाटे को नियंत्रित करने के लिए आयात में कमी और निर्यात में वृद्धि करने के विभिन्न रणनीतिक कदम उठाने होंगे। हमें चीन सहित विभिन्न देशों से घटिया और कम गुणवत्ता मानक वाले आयात नियंत्रित करने होंगे। यह बात महत्वपूर्ण है कि सरकार ने उपभोक्ता की सुरक्षा व उनकी रोजमर्रा की जिंदगी से जुड़े आयातीत हो रहे घटिया व कम गुणवत्ता के 2000 से अधिक उत्पादों को चिन्हित किया है। अब उनके आयात नियंत्रण पर ध्यान देना होगा। ऐसे उत्पादों में से इस वर्ष 643 उत्पादों के लिए गुणवत्ता मानक जारी करने का जो लक्ष्य रखा गया है, उसका परिपालन आवश्यक है। गौरतलब है कि फुटवियर मेड फ्रॉम लेदर एंड अदर मटेरियल (क्वालिटी कंट्रोल) ऑर्डर 2022 के तहत देश में एक जुलाई से क्वालिटी कंट्रोल ऑर्डर लागू किया जाना तय हुआ है। यह ध्यान रखा जाना होगा कि फुटवियर गुणवत्ता नियंत्रण के ऑर्डर एक जुलाई से अवश्य लागू किए जाएं और उसकी तारीख आगे नहीं बढ़ाई जाए। इससे लाभ यह होगा कि देश में चीन, वियतनाम, इंडोनेशिया और बंगलादेश से होने वाले घटिया जूते-चप्पलों के आयात में बड़ी कमी आएगी। ज्ञातव्य है कि चीन से सबसे अधिक फुटवियर का आयात होता है। पिछले वित्त वर्ष में 2022-23 में चीन से 85.85 करोड़ डॉलर मूल्य के फुटवियर का भारत में आयात किया गया है। अब निर्यात बढ़ाने के लिए एक अप्रैल 2023 से लागू नई विदेश व्यापार नीति (एफटीपी) 2023 का कारगर क्रियान्वयन जरूरी है। इसके तहत इन्सेंटिव की जगह टैक्स और विभिन्न शुल्क में राहत देते हुए निर्यात संबंधी काम को आसान बनाने की कई व्यवस्थाएं सुनिश्चित करके वर्ष 2030 तक देश से उत्पाद एवं सेवा निर्यात दो लाख करोड़ (दो ट्रिलियन) डॉलर तक ले जाने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य रखा गया है।

# प्रदेश में पर्यटन की बुनियादी चुनौतियां

संजय शर्मा

**पर्यटकों को सही व सटीक जानकारी देने के लिए पर्यटन निगम द्वारा अपनी वेबसाईट पर, बड़े-बड़े होर्डिंग के माध्यम से व सूचना-केन्द्रों के माध्यम से जानकारी प्रदान की जानी चाहिए। जहां पर्यटक प्रशासन से उचित व्यवस्थाओं की उम्मीद रखते हैं, वहीं उनका भी नैतिक कत्र्तव्य बन जाता है कि वे स्थानीय प्रशासन द्वारा उनके लिए तय नियम-कानूनों व निर्देशों का पालन करें व गंदगी न फैलाएं**



मुख्यमंत्री ने दिनांक 17 मार्च 2023 को वर्ष 2023-24 के बजट अनुमान प्रस्तुत करते हुए इस बात पर बल दिया कि हमें आज के समय की वास्तविकताओं को समझते हुए, आने वाली परिस्थितियों के दृष्टिगत विकास की अवधारणा को बदलना होगा। यह भी कहा गया कि मुख्य चुनौती सिर्फ ढांचागत विकास की ही नहीं, अपितु गुणवत्ता युक्त सेवाएं प्रदान करना भी है। हिमाचल के संदर्भ में यदि बात की जाए तो इस बात से सभी सहमत हैं कि पर्यटन, जलविद्युत व बागवानी, ये तीनों प्रदेश के शक्ति बिंदु हैं व हिमाचल की पहचान हैं। जब से वर्तमान सरकार ने कार्य संभाला है, पर्यटन विकास को अपने ग्रोथ एजेंडा में सबसे ऊपर रखा है। स्विट्जरलैंड, सिंगापुर, मालदीव जैसे कई देश हैं, जिनकी आर्थिकी का मुख्य आधार ही पर्यटन है। उन्होंने दीर्घकालीन योजनाएं बनाकर अपने पर्यटन का विकास किया है। यद्यपि हिमाचल को अपनी नैसर्गिक सुंदरता के लिए पहाड़ों की रानी भी कहा जाता है, परंतु यह बात भी सत्य है कि इस पर्यटन रूपी हीरे को अभी तक पूरी तरह से नहीं तराशा गया है। हिमाच्छादित पहाड़, सुखद जलवायु, कल-कल बहती नदियां, हरे-भरे जंगल व सुरम्य घाटियां, नयनाभिराम ग्लेशियर, चन्द्रताल, नाको, रेणुका सी प्राकृतिक झीलें, मनमोहक दृश्यावलियां बरबस ही पर्यटकों को आह्लादित करती हैं। शिमला, डलहौजी, मनाली, धर्मशाला, मैकलोडगंज, कसोल, काजा, खजियार, सांगला घाटी, पराशर, कुफरी आदि उल्लेखनीय दर्शनीय स्थल हैं। इस वर्ष के बजट में पर्यटन विकास पर विशेष बल दिया गया है जिसके अंतगर्त हैलीपोटर्रस का विकास, हैलीटैक्सी का संचालन व कांगड़ा जिले में अंतरराष्ट्रीय स्तर का गोल्फ कोर्स, आइस स्केटिंग व रोलर स्केटिगं रिंक का निर्माण, पर्यटन गांव की स्थापना तथा पौंग डैम में वॉटर स्पोटर्रस, शिकारा, क्रूज व यॉट आदि की व्यवस्था करना शामिल है। हिमाचल के विभिन्न पर्यटन स्थलों के अपने व्यक्तिगत अनुभवों के आधार पर तथा एक पर्यटक के दृष्टिकोण से मेरा यह मानना है, कि यदि हम छोटी-छोटी कुछ जमीनी बातों पर ध्यान दें तो हिमाचल के पर्यटन को और पंख मिलेंगे। सबसे पहले मनाली की बात करते हैं, जहां पूरे भारत से पर्यटक वर्षभर आकर यहां की सुंदरता का आनंद लेते हैं। मनाली के प्रवेश द्वार पर ग्रीन-टैक्स बैरियर है। यह टैक्स बाहरी राज्यों के पर्यटकों से वसूला जाता है। इस धनराशि का उपयोग मनाली के प्राकृतिक सौंदर्य को संरक्षित करने व पर्यटकों को गुणवता-युक्त सुविधाएं प्रदान करने पर होना चाहिए, परंतु जब इस प्रवेश द्वार से निकलने के पश्चात घंटों तक पर्यटक जाम में फंसा रहता है तो उसे बहुत निराशा होती है। हिडिम्बा रोड व क्लब हाऊस रोड जगह-जगह गड्ढों से भरे हैं। बाजार की खुली नालियों में बहता दुर्गन्धयुक्त गंदा पानी इस पर्यटन नगरी की सुन्दरता पर दाग लगाता है। गर्मियों के पर्यटन सीजन में यह स्थिति और भयावह हो जाती है।

**वैद्यानिक सूचना**

**उत्तराखंड प्रहरी** के संपादन में हम प्रयासरत है कि हमारी ओर से खबर में किसी भी प्रकार की कोई त्रुटि न हो। हमारी कोशिश है कि अखबार में छपी किसी खबर, रिपोर्ट, फीचर या लेख से व्यक्ति विशेष, संगठन या समुदाय की भावना को ठोस न पहुंचे। **उत्तराखंड प्रहरी** में प्रकाशित लेख, विश्लेषण और साभार, ली गई सामग्री के विचार संबंधित लेखकों और रचनाकारों के निजी विचार हैं, न कि अखबार के। अतः सभी पाठकों से आग्रह है कि वे किसी सूचना, समाचार, विज्ञापनों आदि के आधार पर कोई फैसला करने से पहले तथ्यों की स्वयं पुष्टि कर लें। उसके लिए किसी भी प्रकार से लेखक, संपादक, प्रकाशक, प्रिंटर या विक्रेता को उत्तरदायी नहीं ठहराया जा सकता है। तथा किसी भी कारोबारी और निज निर्णय के लिए **उत्तराखंड प्रहरी** जिम्मेवार नहीं होगा।

# 'सरकार जनता के द्वार 'हमारा संकल्प अनुशासित प्रदेश' : सतपाल महाराज

**रूड़की विधायक प्रदीप बत्रा ने कहा कि विकल्प रहित संकल्प के साथ उत्तराखण्ड को देश का नम्बर-01 राज्य बनाना है।**

सुमित तिवारी / उत्तराखंड प्रहरी ब्यूरो,

**हरिद्वार।** सतपाल महाराज मंत्री लोक निर्माण, पर्यटन, सिंचाई, लघु सिंचाई, पंचायती राज, ग्रामीण निर्माण, संस्कृति, जलागम प्रबन्धन एवं भारत नेपाल उत्तराखण्ड नदी परियोजनायें ने रविवार को ब्लॉक रूड़की में रामनगर स्थित रामलीला ग्राउण्ड में कुल 88.73 लाख रूपये की लागत से निर्मित-जिला योजना वर्ष 2022-23 के अन्तर्गत रूड़की के आकाशदीप फेज-03 में पेसिफिक होटल के पीछे देवेन्द्र कुमार के मकान से हरेन्द्र के मकान की ओर सी.सी. इंटरलॉकिंग टाईल्स द्वारा निर्माण कार्य, रूड़की के आसफनगर के लक्ष्मीपुरम में पूजा बुटिक से गुप्ता की ओर सी.सी. इंटरलॉकिंग टाईल्स द्वारा निर्माण कार्य, गणेश विहार में गणेश विहार द्वार 23 गेट से मास्टर के मकान तक सी.सी. द्वारा मार्ग का निर्माण कार्य, आर्य विहार में आर्य विहार द्वार से गौतम के मकान तक सी.सी. द्वारा मार्ग का निर्माण कार्य, रूड़की के वार्ड नं. 37 पुरानी. तहसील के ईदगाह एन्कलेव में पी.जी. से बशीर एन्कलेव तक सी.सी. सड़क व दोनों ओर नाली निर्माण कार्य, रूड़की के वार्ड नं.-29 में बर्फ खाने वाली सड़क का सी.सी. इंटरलॉकिंग टाईल्स द्वारा किये गये निर्माण कार्यों का लोकार्पण किया।





कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज ने इस मौके पर महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से नौ महिला लाभार्थियों को महालक्ष्मी किट, राजस्व विभाग की ओर से पांच लाभार्थियों को मुख्यमंत्री राहत कोष का चेक वितरण, उद्यान विभाग की ओर से पांच लाभार्थियों को फसल दवाई किट/स्प्रे मशीन, एनआरएलएम की ओर से तीन एसएचजी को सीआईएफ की धनराशि का वितरण तथा सहकारिता विभाग की ओर से 17 लाभार्थियों को पण्डित दीन दयाल उपाध्याय कल्याण योजना के अन्तर्गत ब्याज रहित ऋण का वितरण किया।

कैबिनेट मंत्री ने विकासात्मक कार्यों का लोकार्पण तथा लाभार्थियों को चेक/सामग्री वितरित करने के पश्चात 'सरकार जनता के द्वार'हमारा संकल्प अनुशासित प्रदेश' एवं 'भयमुक्त समाज' कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित जन सुनवाई कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये आज जिन-जिन कल्याणकारी कार्यों का लोकार्पण किया गया, उन पर विस्तार से प्रकाश डाला। सतपाल महाराज ने कहा कि राज्य के विकास खण्डों में ठोस अपशिष्ट/प्लास्टिक वेस्ट के प्रबंधन हेतु कॉम्पैक्टर की स्थापना के लक्ष्य को शीघ्र ही प्राप्त कर लिया जायेगा। उन्होंने कहा कि हरिद्वार निरन्तर विकास की ओर बढ़ रहा है।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये रूड़की विधायक प्रदीप बत्रा ने कहा कि विकल्प रहित संकल्प के साथ उत्तराखण्ड को देश का नम्बर-01 राज्य बनाना है, जिसमें आप सभी की भागीदारी बहुत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि जन-कल्याण से सम्बन्धित जो भी कार्य हैं, वे सभी कराये जायेंगे। ब्लॉक रूड़की में रामनगर स्थित रामलीला ग्राउण्ड में आयोजित हुये आज के जन-सुनवाई कार्यक्रम में 106 लोगों के प्रार्थना पत्र प्राप्त हुये, जिनमें से 73 का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया तथा शेष अनुरोध पत्रों को प्रकरण के निस्तारण में लगने वाले समय के अनुसार संबंधित विभागों के अधिकारियों को समयबद्ध निस्तारित करने के निर्देश कैबिनेट मंत्री ने दिये। जन-सुनवाई कार्यक्रम में आज प्राप्त होने वाली शिकायतों में- तालाबों की सफाई, नालों की सफाई, नालों का निर्माण, पानी की निकासी, सड़क निर्माण, स्कूलों का उच्चीकरण, स्वास्थ्य केन्द्र की स्थापना, नहर पटरी की मरम्मत, अतिक्रमण हटाने, जमीन उपलब्ध कराने, आन्तरिक सड़कों का निर्माण, प्रधानमंत्री स्वामित्व योजना में आवासीय भूमि उपलब्ध कराना, एनएचआई से सम्बन्धित नालों का निर्माण, प्रेस क्लब रूड़की के लिये भवन/स्थान उपलब्ध कराना, आर्थिक सहायता, पेयजल की समस्या, बारात घर बनवाने/स्थान उपलब्ध कराने, ग्राम सभा की बंजर भूमि से कब्जा हटवाने, राशन कार्ड बनाने, विद्युत आदि से सम्बन्धित प्रमुख प्रकरण प्राप्त हुये।

## महारूद्रा एजुकेशन इंस्टीट्यूट ऑफ डिजाइनिंग एंड स्किल्स की स्थापना के 9 वर्ष पूर्ण, 10वें वर्ष में होगा नई शाखा का शुभारंभ



उत्तराखंड प्रहरी ब्यूरो

**हरिद्वार।** महारुद्रा एजुकेशन इंस्टीट्यूट ऑफ डिजाइनिंग एंड स्किल्स की स्थापना के 9 वर्ष पूर्ण होने की खुशी में संस्थान की ओर से 10 वें वर्ष में नई शाखा को शुभारंभ की घोषणा की गई है। इसके साथ ही नए कोर्स की शुरुआत व दूरस्थ एवं ग्रामीण क्षेत्रो में कौशल कार्यशालाओं का समय समय पर आयोजन किया जाएगा।

महारूद्रा एजुकेशन इंस्टीट्यूट ऑफ डिजाइनिंग एंड स्किल्स सेंटर की डायरेक्टर मीनू चौधरी ने कहा कि उनके लिए बेहद हर्ष का विषय है कि उनके शैक्षिक संस्थान महारूद्रा एजुकेशन इंस्टीट्यूट ऑफ डिजाइनिंग एंड स्किल्स ने निरन्तर सेवा व प्रगति करते हुए रविवार को 10 वे वर्ष में प्रवेश कर लिया है। इसके साथ ही यह जानकारी देते हुए भी प्रसन्नता हो रही है कि हमारे संस्थान से पारंगत हुए छात्र स्वयं के व्यवसायें व उधम से सफ़लता पूर्वक आजीविका अर्जित कर रहे हैं। मीनू चौधरी ने कहा कि संस्थान उपलब्धियों से उत्साहित होकर महारुद्रा एजुकेशन इंस्टिट्यूट प्रा0 ली0 प्रबंधन ने निर्णय लिया है कि इस वर्ष समाज एवं छात्र हित मे प्रदेश स्तर पर इंस्टिट्यूट की नई शाखाओं का शुभारंभ व छात्रों हेतु लाभप्रद योजनाओं, नए कोर्स की शुरुआत व दूरस्थ एवं ग्रामीण क्षेत्रो में कौशल कार्यशालाओं का समय समय पर आयोजन किया जाएगा। महारुद्रा एजुकेशन इंस्टिट्यूट का प्रत्येक नारीशक्ति एवं स्टूडेंट्स के लिए यही संदेश हैं 'तैर जाती है कश्ती उन भंवर से भी,जिनमे जहाज डूब जाते हैं। जिनके हो हौसले बुलंद वो तूफानी लहरों को भी लांघ जाते हैं।

जब सोच लिया तो सोच लिया, कई बार तिनके भी किनारा पा जाते हैं।। मीनू चौधरी ने कहा कि उनका सपना है कि महिलाएं महारुद्रा एजुकेशन इंस्टिट्यूट ऑफ डिजाईनिंग एंड स्किल्स से कौशल ज्ञान पाकर स्वयं के बल पर आय उपार्जन करें और अपना अपने परिवार का सम्मान बढ़ाएं। इस मौके पर शिक्षक अंजलि पंवार, अंजलि रावत, प्रियंका, शालू, रितुजा, अनु गुंजन, मंदीप, , स्वेता, रितु, आरती, विनिता, पूजा, चंचल, आकांक्षा, शिवा सहित अन्य छात्राएं उपस्थित रही।

## उत्तराखंड आयुर्वेद विश्वविद्यालय, गुरुकुल परिसर हरिद्वार में आयोजित तीन दिवसीय कार्यक्रम हुआ संपन्न




उत्तराखंड प्रहरी ब्यूरो

**हरिद्वार।** उत्तराखंड आयुर्वेद विश्वविद्यालय, गुरुकुल परिसर हरिद्वार में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सुनील जोशी के निर्देशन एवं प्रो. पंकज शर्मा, परिसर निदेशक गुरुकुल परिसर के मार्गदर्शन में पंचकर्म विभाग द्वारा आयोजित तीन दिवसीय ( 18 19 20 मई 2023 ) का समापन कार्यक्रम शनिवार को चरक प्रेक्षागृह गुरुकुल परिसर में प्रोफेसर ईश्वर भारद्वाज प्रोफेसर योग विभाग गुरुकुल कांगड़ी की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में मंच पर गुरुकुल परिसर के संस्कृत के प्रोफेसर प्रेमचंद शास्त्री स्वस्थवृत के प्रोफेसर अवधेश मिश्रा, शरीर क्रिया के प्रोफेसर विपिन पांडे एवं सेमिनार के आयोजन सचिव पंचकर्म के प्रोफेसर उत्तम कुमार शर्मा उपस्थित रहे। आयोजन सचिव प्रोफेसर उत्तम कुमार ने बताया की 03 दिनों की संभाषा में कुल 119 शोध पत्रों का वाचन हुआ एवं 26 अतिथि विद्वानों द्वारा व्याख्यान प्रस्तुत किए गए। विद्वान वक्ताओं ने पंचकर्म पर अपना चिंतन एवं अनुभव सबके सामने रखा। पंचकर्म के विभिन्न प्रयोगों की शास्त्रीय एवं अनुभूत विधियों की व्याख्या प्रस्तुत की गई। आधुनिक युग में पंचकर्म की उपयोगिता एवं प्रासंगिकता पर चर्चा की गई। पंचकर्म के प्रयोग में सावधानी और इसे अधिक प्रभावी बनाने हेतु नई तकनीकों एवं औषधियों का विवेचन किया गया।

प्रोफेसर ईश्वर भारद्वाज ने पंचकर्म को शरीर शोधन की वैज्ञानिक एवं प्रभावी प्रक्रिया बताया। उन्होंने कहा कि पंचकर्म चिकित्सा एवं योग परस्पर पूरक एवम सहायक हैं। शनिवार को 03 वैज्ञानिक सत्र संपन्न हुए। प्रथम वैज्ञानिक सत्र का संचालन डॉ. सुनीता ने किया। अध्यक्षता प्रोफेसर अरुण कुमार त्रिपाठी निदेशक आयुर्वेद ने की। सहअध्यक्षता अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान दिल्ली के प्रोफेसर अनंतराम शर्मा ने की। मुख्य वक्ता डॉ. रवि शर्मा प्रोफेसर कायचिकित्सा, मदन मोहन मालवीय आयुर्वेद कॉलेज उदयपुर ने आमवात में पंचकर्म की उपयोगिता पर प्रकाश डाला। मेवाड़ विश्वविद्यालय, चित्तौड़ की ज्योतिष विभाग की प्रोफेसर अंजना जोशी ने ज्योतिष और आयुर्वेद विषय पर व्याख्यान प्रस्तुत किया। समापन कार्यक्रम के अंत में सेमिनार के आयोजन सचिव डॉ. उत्तम कुमार शर्मा ने कॉलेज के शिक्षकों एवं कर्मचारियों को सहयोग के लिए धन्यवाद ज्ञापन किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक गण, चिकित्सक, उपस्थित रहे।

# कासमपुर पथरी के खेतों में पुलिस टीम की गौतस्करों से हुई मुठभेड़

- पुलिस टीम की गाड़ी देख बदमाशों ने पुलिस पर झोंके फायर
- जवाबी फायरिग में 01 गौ-तस्कर घायल, फरार दुसरे बदमाश की की जा रही है तलाश
- जीवित गाय , गौकशी के उपकरण व तमंचा-कारतूस बरामद
- सूचना मिलते ही एसएसपी सहित आला अधिकारी पहुंचे घटनास्थल पर

उत्तराखंड प्रहरी ब्यूरो



**पथरी,(हरिद्वार)।** 21 मईई शनिवार देर रात कासमपुर के खेतों में कुछ लोगों द्वारा पशुओं को काटने की तैयारी करने की सूचना पर पथरी पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची। पुलिस की गाड़ी देखते ही बदमाशों द्वारा पुलिस पर फायरिंग करने पर पुलिस टीम द्वारा बदमाशों की घेराबंदी कर जवाबी फायर किया गया। क्रॉस फायरिंग में दाहिने पैर पर गोली लगने से घायल हुआ अभियुक्त को तत्काल जीडी अस्पताल में उपचार हेतु भेजा गया तथा फरार अभियुक्त की तलाश हेतु निकटवर्ती थानों की पुलिस भी बुलाई गई1

उक्त घटना की सूचना पर तत्काल एसएसपी अजय सिंह द्वारा अन्य आला अधिकारियों की मौजूदगी में घटनास्थल पहुंचकर पुलिस टीम से घटना की जानकारी लेते हुए उपस्थित पुलिस अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए जनपद के समस्त थानों को तत्काल चैकिंग के निर्देश दिए गए, तत्पश्चात जीडी अस्पताल पहुंचकर घायल बदमाश की जानकारी की। पुलिस टीम द्वारा मौके से गाय को सकुशल बचाया गया एवं घायल अभियुक्त के कब्जे से तमंचा, खोखा/जिंदा राउंड व गोकशी के उपकरण बरामदगी के आधार अभियुक्त के खिलाफ उचित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया। उपचार के पश्चात अभियुक्त को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। मौके से फरार अन्य गौ तस्कर फरमान की तलाश जारी है।

**घायल अभियुक्त**

जब्बार पुत्र जरीफ उर्फ नाई निवासी बौडाहेडी कासमपुर पथरी

**बरामदगी का विवरण**

- एक जिंदा गाय
- एक तमंचा 315 व 02 खोखा कारतूस
- 01 अदद जिंदा कारतूस 315 बोर
- गौकशी उपकरण

**अभियुक्त का अपराधिक इतिहास**

- मु.अ.स. 472/17 धारा 3/5/11 गौवंश संरक्षण अधि थाना लक्सर
- मु.अ.स. 23/22 धारा 3/6/11 गौवंश अधि थाना पथरी
- मु.अ.स. 116/22 धारा 3/5/11 गौवंश संरक्षण अधि 147/148/149/332/353/504/506/225 भादवि थाना पथरी
- मु.अ.स. 193/23 धारा- 307 भादवी, 11 पशु क्रूरता अधिनियम, 3/11 उत्तराखंड गोवंश संरक्षण अधिनियम, 3/25 आर्म्स एक्ट चलानी थाना पथरी

**फरार अभियुक्त**

- फरमान निवासी सुल्तानपुर लक्सर

**पुलिस टीम**

- उ0नि0 पवन डिमरी (थानाध्यक्ष पथरी)
- उ0नि0 वीरेंद्र सिंह नेगी (चौकी प्रभारी फेरूपुर)
- कॉ 789 मुकेश चौहान
- कॉ 534 राकेश नेगी
- कां 1144 नारायण चौहान
- कॉ 1574 नारायणा
- कॉ 642 वीरेंद्र पंवार

## डिफेंस प्रोडक्शन में ग्रोथ

**नई दिल्ली।** फाइनेंशियल ईयर 2022-23 में डिफेंस प्रोडक्शन की वैल्यू पहली बार एक लाख करोड़ रुपए के आंकड़े को पार कर गई है। इस बात की जानकारी डिफेंस मिनिस्ट्री ने दी है। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि अभी डिफेंस प्रोडक्शन की वैल्यू 1,06,800 करोड़ रुपए है। यह आंकड़ा प्राइवेट डिफेंस इंडस्ट्रीज का डेटा आने के बाद और बढ़ जाएगा। वित्तीय वर्ष 2023 में डिफेंस प्रोडक्शन की वैल्यू में वित्तीय वर्ष 2022 की तुलना में 12 प्रतिशत से ज्यादा की ग्रोथ हुई है। वित्तीय वर्ष 2021-22 में यह आंकड़ा 95, 000 करोड़ रुपए था।

# पुरुषार्थ आश्रम के अध्यक्ष महामनीषी निरंजन स्वामी नेपाल में हुए सम्मानित

उत्तराखंड प्रहरी ब्यूरो



**हरिद्वार।** पुरुषार्थ आश्रम के अध्यक्ष महामनीषी निरंजन स्वामी महाराज को नेपाल के बीरगंज में अंतरराष्ट्रीय कथावाचक प्रदीप मिश्रा द्वारा सम्मानित किया गया। शिव महापुराण कथा के आयोजन के दौरान लंदन से पधारे धर्मगुरु स्वामी राजराजेश्वर एवं कथा वाचक प्रदीप मिश्रा ने शॉल ओढ़ाकर और सम्मान पत्र देकर उन्हें धर्म के क्षेत्र में भारत सहित विदेशों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए सम्मानित किया। इस दौरान प्रदीप मिश्रा ने कहा कि सनातन धर्म को सर्वोच्च शिखर तक ले जाने में संत महापुरुषों की अहम भूमिका है। निरंजन स्वामी जैसे महापुरुष भारतीय संस्कृति एवं सनातन धर्म के प्रचार प्रसार और संरक्षण संवर्धन में अपना जीवन समर्पित कर रहे हैं। जो सभी के लिए प्रेरणादायक है। धर्मगुरु स्वामी राजराजेश्वर महाराज ने कहा कि देवभूमि हरिद्वार संत महापुरुषों की तपस्थली है। जहां अनादि काल से महापुरुष त्याग और तपस्या का परिचय देते हुए समस्त जग का मार्गदर्शन करते चले आए हैं। निरंजन स्वामी युवा संत हैं जो समय-समय पर धर्म और संस्कृति से जुड़े कार्यक्रमों के माध्यम से समाज को समरसता का संदेश देते हैं। संत समाज इनकी दीर्घायु की कामना करता है। निरंजन स्वामी महाराज ने कहा कि जो सम्मान उन्हें प्रदान किया गया है वह वास्तव में समस्त संत समाज एवं हरिद्वार वासियों के लिए गौरव का विषय है। धर्म की पताका को फहराते हुए समाज सेवा करना ही उनके जीवन का मूल उद्देश्य है। नेपाल और भारत के रिश्ते शुरू से ही मजबूत रहे हैं जल्द ही भारत वासियों का सपना पूरा होगा और नेपाल और हिंदुस्तान हिंदू राष्ट्र घोषित होंगे।

# भाजपाई मोदी के 9 वर्ष के कार्यकाल का करेंगे प्रचार

### भाजपा जिला कार्यकाल पर हुआ जिला पदाधिकारीयों की बैठक का आयोजन

**हरिद्वार।** जिला भाजपा कार्यालय हरिद्वार पर जिलाध्यक्ष संदीप गोयल की अध्यक्षता में जिला पदाधिकारी बैठक आयोजित की गई। जिला अध्यक्ष संदीप गोयल ने बताया कि जिसमे आगामी 24 मई को भाजपा जिला हरिद्वार की जिला कार्यसमिति जिला भाजपा कार्यालय पर आयोजित की जाएगी। इस अवसर पर जिला महामंत्री आशुतोष शर्मा, आशु चौधरी जिला उपाध्यक्ष जितेंद्र चौधरी विकास तिवारी, लव शर्मा, आभा शर्मा ,जिला मंत्री रजनी वर्मा, नेत्रपाल चौहान, अमरीश सैनी, सचिन शर्मा, नकली राम सैनी, सचिन निसित, अरूण आर्य, मनोज शर्मा, मोर्चा अध्यक्ष एजाज हसन ,संजय कुमार, डॉ प्रदीप कुमार, विक्रम भुल्लर आदि उपस्थित रहे।

# उत्तराखंड विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूडी ने की केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग विभाग के सचिव से मुलाकात

उत्तराखंड प्रहरी ब्यूरो



**नई दिल्ली।** ऋतु खंडूरी भूषण ने केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग विभाग के सचिव अनुराग जैन के साथ विधानसभा कोटद्वार में प्रस्तावित महत्वपूर्ण सड़क परियोजनाओं को धरातल पर यथाशीघ्र क्रियान्वयन करने हेतु की बैठक। उत्तराखंड विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूडी भूषण ने दिल्ली में भारत सरकार के सड़क परिवहन एवं राजमार्ग विभाग के सचिव अनुराग जैन के साथ बैठक कर विधानसभा कोटद्वार हेतु प्रस्तावित महत्वपूर्ण सड़क परियोजनाओं को धरातल पर यथाशीघ्र क्रियान्वयन करने हेतु संबंधित को दिशा-निर्देश देने को कहा। उत्तराखंड विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूरी भूषण ने अपने दिल्ली प्रवास के दौरान भारत सरकार के सड़क परिवहन एवं राजमार्ग विभाग के सचिव अनुराग जैन के साथ बैठक कर कोटद्वार विधानसभा क्षेत्र में कोटद्वार बायपास बनने सहित विभिन्न सड़कों एवं पुलों को लेकर गंभीरता से चर्चा वार्ता की।

उत्तराखंड विधानसभा अध्यक्ष ने केंद्रीय सचिव कोटद्वार बाईपास की आवश्यकता को बताते हुए कहा विधान सभा क्षेत्र कोटद्वार में भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग के अंतर्गत आने वाला मार्ग, एन0एच0 534 के कि0मी0 23 से प्रारम्भ हो कर आर्मी फायर रेंज के निकट होता हुआ लाल पानी, रतनपुर, जीतपुर क्षेत्र से होते हुए एन०एच० 534 के मी० 28 पर मिलेगा। उक्त कोटद्वार बाईपास मार्ग में लालपानी, सनेह, रतनपुर, जीतपुर, कुम्भीचौड़ आदि गाँव पड़ते हैं, जिसमें काफी संख्या में ग्रामीण जनसंख्या निवासित है। मार्ग का निर्माण न होने से ग्रामवासियों को कई प्रकार की कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है। इस मार्ग का सर्वेक्षण कार्य हो चुका है तथा निर्माण हेतु स्वीकृति भी प्राप्त हो गयी है, परन्तु अभी तक मार्ग का निर्माण कार्य प्रारम्भ नहीं हो पाया है। जिस कारण स्थानीय जनता में रोष व्यापत है।

उन्होंने कहा की व्यापक जनहित में कोटद्वार के एन0एच0 534 के बाईपास मार्ग के शीघ्र निर्माण हेतु सम्बन्धित को निर्देशित करने को कहा। उत्तराखंड विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूरी भूषण ने नजीबाबाद- कोटद्वार राजमार्ग के सभी प्रकार की अनुमति पूर्ण होने के बावजूद निर्माण कार्य शुरू न होने पर अपनी नाराजगी व्यक्त की जिस पर केंद्रीय सचिव अनुराग जैन ने संबंधित को तत्काल आदेशित करते हुए नजीबाबाद-कोटद्वार राजमार्ग के कार्य को शुरू करने और जल्द से जल्द पेड़ काटने के आदेश दिए।

विधानसभा अध्यक्ष ने विकासखण्ड दुगड्डा में कोल्हू चौड़ नदी पर सेतु के निर्माण की आवश्यकता को बताते हुए कहा कि विकास खण्ड दुगड्डा में कोटद्वार-कालागढ़ मोटर मार्ग पर पड़ने वाले कोल्हू चौड़ नदी पर 100 मी० स्पान प्री-स्ट्रेस सेतू के निर्माण का होना अति आवश्यक बताया साथ ही विधानसभा अध्यक्ष ने चिल्लरखाल-सिगड्डी-कोटद्वार पाखरो मोटर मार्ग के कि०मी० 1 से 12 में डी.बी.एम./बी.सी. द्वारा सुदृढीकरण के कार्य हेतु केन्द्रीय सडक अवस्थापना निधि के अंतर्गत धनराशि आवंटित करने कहा। सचिव अनुराग जैन ने भी विधानसभा अध्यक्ष को सभी विषयों पर गंभीरता से कार्य करने और कोटद्वार के विकास को लेकर केंद्र के पूर्ण सहयोग देने हेतु आश्वस्त किया।

# राफ्टिंग के दौरान पर्यटकों और गाइडों के बीच हुई मारपीट, वीडियो हुआ सोशल मीडिया पर वायरल



उत्तराखंड प्रहरी ब्यूरो

**ऋषिकेश।** राफ्टिंग के दौरान पर्यटकों और गाइडों के बीच मारपीट की घटनाएं आए दिन सामने आ रही हैं। हाल ही में सोशल मीडिया पर पर्यटकों और राफ्टिंग गाइड के बीच मारपीट का एक वीडियो वायरल हो रहा है। यह वीडियो ब्रह्मपुरी का बताया जा रहा है। वीडियो में राफ्टिंग गाइड और पर्यटक एक दूसरे पर पैडल से वार करते दिखाई दे रहे हैं। जिसके बाद राफ्ट में सवार एक पर्यटक अपनी जान बचाने के लिए गंगा में कूद जाता है। इस दौरान दूसरा गाइड उस पर्यटक को अपनी राफ्ट में बैठाकर उसकी जान बचाता है। राफ्टिंग के दौरान पर्यटकों और गाइड के बीच हुई मारपीट का यह वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर शेयर किया जा रहा है, लेकिन पर्यटन विभाग के अधिकारी इससे अंजान बने हुए हैं। अधिकारियों का कहना है कि ऐसे किसी मामले की शिकायत उनके पास आई ही नहीं है।

> पर्यटक और गाइडों के बीच राफ्टिंग के दौरान हुई मारपीट के घटना की शिकायत नहीं मिली है। यदि शिकायत मिलती है तो उस गाइड और राफ्ट संचालक के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।
> **खुशाल सिंह नेगी, साहसिक खेल पर्यटन अधिकारी टिहरी**

> पर्यटक और गाइडों के साथ मारपीट की घटना यदि हो रही है तो पर्यटन विभाग को इस ओर सख्त कार्रवाई करनी चाहिए।
> **दिनेश भट्ट, अध्यक्ष गंगा रीवर राफ्टिंग रोटेशन समिति।**

दरअसल देश में ऋषिकेश राफ्टिंग के लिए प्रसिद्ध है। यहां दिल्ली, महाराष्ट्र, राजस्थान समेत देश के विभिन्न हिस्सों से पर्यटक पहुंचते हैं। ये पर्यटक यहां मरीन ड्राइव, शिवपुरी, ब्रह्मपुरी और क्लब हाउस से राफ्टिंग करते हैं। इसके लिए ऑनलाइन के साथ ही ऑनलाइन बुकिंग की सुविधा उपलब्ध है। राफ्ट संचालक पर्यटकों को अपने वाहनों से राफ्टिंग प्वाइंट तक पहुंचाते हैं। मार्च से लेकर जून तक राफ्टिंग के लिए आने वाले पर्यटकों की संख्या में भारी इजाफा हो जाता है। इसके चलते आए दिन पर्यटकों और गाइडों के बीच विवाद की स्थिति उत्पन्न होती है। बताया जा रहा है कि गाइडों और पर्यटकों के बीच विवाद का असली कारण गो प्रो कैमरा है। दरअसल इस कैमरे के जरिये राफ्टिंग के दौरान गंगा की लहरों और उसके रोमांच को शूट किया जा सकता है। गाइड पर्यटकों से इस कैमरे से वीडियो शूट करने की एवज में मनमाने पैसे वसूलते हैं, लेकिन पर्यटन विभाग ने राफ्टिंग के दौरान इस कैमरे के संचालन पर रोक लगा दी है। हालांकि राफ्टिंग गाइड इसके बावजूद पर्यटकों को गो-प्रो कैमरा से वीडियो बनाने के लिए सौदा करते हैं। बताया जा रहा है कि जो पर्यटक शूट करने से इनकार कर देता है गाइड उनके साथ दुर्व्यवहार करना शुरू कर देते हैं और कई बार बात मारपीट तक पहुंच जाती है।

# डेंटल केयर उत्पाद के लिए पतंजलि कंपनी को कानूनी नोटिस




**हरिद्वार।** बाबा रामदेव की पतंजलि कंपनी को अपने डेंटल केयर प्रोडक्ट में नॉन वेजिटेरियन पदार्थ का इस्तेमाल करने पर लीगल नोटिस भेजा गया है। इसमें आरोप लगाया गया है कि कंपनी अपने 'दिव्य दंत मंजन' में 'समुद्र फेन' (कटलफिश) नाम का मांसाहारी पदार्थ यूज करती है।

नोटिस में यह भी बताया गया है कि नॉन वेजिटेरियन पदार्थ के इस्तेमाल के बावजूद उस प्रोडक्ट पर ग्रीन यानी वेजिटेरियन लेबल दिया गया है। पतंजलि को ये लीगल नोटिस एडवोकेट शाशा जैन ने भेजा है। इस नोटिस में कंपनी से 15 दिनों के अंदर स्पष्टीकरण देने को कहा गया है। ट्विटर पर शेयर किए पोस्ट में शाशा ने 'दिव्य दंत मंजन' और उसमें इस्तेमाल किए जाने वाले इंग्रीडिएंट्स की फोटो भी शेयर की है। श्री शाशा ने कहा,"यह हमारे समुदाय और अन्य शाकाहारी समुदायों की भावनाओं को आहत करने वाला है।"

# ज्वालापुर के नाथ नगर में आम जनता के लिए हुआ वाटर एटीएम का उद्घाटन



**हरिद्वार।** वार्ड 32 नाथनगर में आम जनता के लिए वाटर एटीएम लगाया गया जिसका उद्घाटन वार्ड के वरिष्ठजनों द्वारा किया गया अनुज सिंह का कहना है की सेक्टर -2 व्यस्ततम चौराहा है जहां पर आम जनता का आना जाना लगा रहता है गर्मी के मौसम को देखते हुए इस स्थान पर वाटर एटीएम लगाया गया जिससे एक रुपए में आपको 1/2 लीटर पानी की सुविधा मिलेगी जिससे आम जनता इसका लाभ उठा सकेगी आगे भी ऐसे ही वाटर एटीएम नगर निगम द्वारा शहर में लगाने का काम किया जा रहा है और एक वाटर एटीएम ज्वालापुर रेलवे स्टेशन पर भी जल्द लगाया जाएगा क्योंकि वहां पर भी बहुत लोगों का आना जाना रहता है जिससे शहर के लोगों को और बाहर से आए हुए यात्रियों को राहत मिलेगी इस अवसर पर हेमलता वैश्य , पूनम गुप्ता , मीरा ,कुँवर बाली, स्वदेश चौधरी ,जितेंद्र नाथ ,अमित शर्मा, शुभम भारद्वाज सचिन वर्मा, त्रिलोचन सिंह,इंद्र पाल जी, बिहारी लाल जी, राघव जी ,देवेंद्र राठी ,राहुल राघव भानु राठी, राहुल कुमार , गुरविंदर सिंह संजू ,नीरज ,सचिन कुमार ,प्रशांत शर्मा, इस मौके पर मनसा फैसिलिटी से अभिनव आलोक मोहन झा भी रहे।

# 25 को होगा मां बगलामुखी यज्ञ, यहां कई दिनों से निराहार साधना में लीन हैं गुरुजी

उत्तराखंड प्रहरी ब्यूरो



**रुद्रप्रयाग।** उत्तराखंड में पवित्र केदारखंड में वर्णित मां बगलामुखी सिद्धपीठ बुगीला धार भिलंगना नदी के तट पर स्थित है जिसमें दूसरी बार मां बगलामुखी के साधक बिजेंद्र पांडे गुरुजी साधना में लीन हैं और 25 मई सुबह को वहां पर मां बगलामुखी का हवन होगा। गुरुजी ने हमारे उत्तराखंड प्रहरी संवाददाता को बताया की मैंने भारत के सभी सिद्धपीठों में हवन तपस्या की है लेकिन जो आत्म शांति और मां बगलामुखी की शक्ति हमें इस स्थान पर मिली वो हमें कहीं नहीं मिलती।

वही मंदिर के पुजारी रामकृष्ण शरण भी मां की भक्ति से प्रसन्न हैं उन्होंने भी यही बात कही की एक बार जो व्यक्ति इस स्थान पर आ जाता है उसे संसार में ऐसी शक्ति कहीं नहीं मिलती। गुरु बिजेंद्र पांडे जी उत्तर प्रदेश से यहां पर फिर से आये और निराहार साधना में लीन हैं गुरु जी के हजारों शिष्य हैं जो हमेशा मां बगलामुखी के हवन में जाते हैं। गुरु बिजेंद्र पांडे जी ने कहा की इस स्थान पर जो भी भक्त हैं जरूर मां का आशीर्वाद लेने आये। इस स्थान पर पंहुचने के लिए आपको टिहरी क्षेत्र में घनसाली होकर घुत्तू में आना होगा और फिर वहां से आपको बुगीला धार जाना होगा ये स्थान भृगु पुत्री भिलंगना के समीप है जहां हर भक्त की मनोकामना पूर्ण होती है।

# 50MP कैमरा के साथ लांच हुआ Realme Narzo N53, कीमत 10 हजार से भी कम



**नई दिल्ली।** Realme ने अपना नया स्मार्टफोन Narzo N53 लांच कर दिया है। यह एक बजट सेगमेंट फोन है। दावा किया जा रहा है कि यह स्मार्टफोन कंपनी का अब तक का सबसे पतला हैंडसेट है, जिसकी मोटाई सिर्फ 7.49mm है। यह स्मार्टफोन ऑक्टाकोर Unisoc T612 चिपस्ट के साथ आता है। आप इस स्मार्टफोन को दो कल ऑप्शन Feather Black और Feather Gold में खरीद सकते हैं।

फोन के फीचर्स की बात करें तो Realme Narzo N53 में 5000mAh की बैटरी दी गई है जो 33w फास्ट चार्जिंग का स्पोर्ट करती है। Narzo N53 में 6.74 इंच की डिस्प्ले दी गई है, जिसका रिफ्रेश रेट 90Hz, टच सैंपलिंग रेट 180Hz और ब्राइटनेस 450 निट्स तक है। यह स्मार्टफोन ऑक्टा कोर Unisoc T612 SoC पर काम करता है। इस फोन में 6GB RAM और 128GB इनबिल्ट स्टोरेज दी गई है। यह फोन 6GB तक वर्चुअल रैम का सपोर्ट करता है। Realme का यह स्मार्टफोन एंड्रॉयड 13 पर बेस्ड Realme UI 4.0 पर काम करता है।

फोन के कैमरा सेटअप की बात करें तो इसमें 50 मेगापिक्सल का AI प्राइमरी कैमरा और 8 मेगापिक्सल का फ्रंट कैमरा दिया गया है। सिक्योरिटी के लिए फोन में साइड माउंटेड फिंगरप्रिंट सेंसर दिया गया है। फोन की लंबाई 16.726 सेमी, चौड़ाई 7.667 सेमी, मोटाई 0.749 सेमी और वजन 182 ग्राम है। फोन की कीमत की बात करें तो Narzo N53 के 4जीबी+64जीबी स्टोरेज की कीमत 8999 रुपए है। वहीं, 6जीबी+128जीबी स्टोरेज वेरिएंट की कीमत 10999 रुपए है।

# गिल ने कोहली से जीत छीनी





**बेंगलुरु, (वार्ता)।** युवा प्रतिभावान बल्लेबाज शुभमन गिल (104 नाबाद) के तूफानी शतक की बदौलत गुजरात टाइटन्स ने रोमांचक मुकाबले में रविवार को रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) को छह विकेट से हराकर आईपीएल से बाहर कर दिया। आरसीबी ने विराट कोहली (101 नाबाद) के शानदार शतक की मदद से गुजरात के सामने 198 रन का लक्ष्य रखा। गुजरात ने यह लक्ष्य 19.1 ओवर में हासिल कर लिया।

कोहली ने लगातार दूसरा आईपीएल शतक जड़ते हुए 61 गेंद पर 13 चौकों और एक छक्के की मदद से नाबाद 101 रन बनाये। उन्होंने इसी के साथ सर्वाधिक आईपीएल शतक (सात) जड़ने का रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया। साथ ही वह शिखर धवन (2020) और जॉस बटलर (2022) के बाद लगातार आईपीएल शतक बनाने वाले तीसरे बल्लेबाज भी बन गये। कोहली के उत्तराधिकारी कहे जाने वाले गिल ने उनकी मेहनत बेकार करते हुए 52 गेंद पर पांच चौकों और आठ छक्कों की मदद से नाबाद 104 रन बनाये और 20वें ओवर की पहली गेंद पर विजयी छक्का जड़कर गुजरात को लक्ष्य तक पहुंचाया। यह गिल का भी लगातार दूसरा आईपीएल शतक था जबकि सनराइजर्स हैदराबाद के विरुद्ध पिछले मैच में उन्होंने 101 रन की पारी खेली थी। आरसीबी (14 अंक) 14 मैचों में सात जीत और सात हार के साथ आईपीएल से बाहर हो गयी, जबकि रविवार दोपहर के मैच में सनराइजर्स को आठ विकेट से रौंदने वाली मुंबई (16 अंक) प्लेऑफ में पहुंचने वाली चौथी टीम बन गयी। आरसीबी के गेंदबाजों ने इस स्कोर की रक्षा करते हुए कसी हुई शुरुआत की और मोहम्मद सिराज ने ऋद्धिमान साहा को 12 रन के स्कोर पर पवेलियन भेज दिया। आरसीबी हालांकि गिल की आक्रामकता पर अंकुश नहीं लगा सकी। गिल ने छठे ओवर में वेन पार्नेल को दो चौके और एक छक्का जड़ा जबकि गुजरात ने 51/1 के स्कोर पर पावरप्ले का अंत किया।

गुजरात के बल्लेबाज कई मौकों पर सौभाग्यशाली भी रहे। विजय शंकर का खाता जहां बल्ले के किनारे से लगकर गये चौके से खुला, वहीं एक बार गेंद उनके बल्ले और विकेटों से बचते हुए चौके के लिये चली गयी। गिल और शंकर ने दूसरे विकेट के लिये 123 रन की विशाल साझेदारी की। गिल ने मात्र 29 गेंदों अपना अर्द्धशतक पूरा किया, जबकि धीमी शुरुआत करने वाले शंकर ने भी 34 गेंद में पचासा जमाया। यह साझेदारी गुजरात को तेजी से जीत की ओर ले जा रही थी लेकिन विजयकुमार विशाक ने 15वें ओवर में दो चौके और एक छक्का खाने के बाद शंकर को आउट कर दिया। अगले ओवर में दसुन शनाका के आउट होने से आरसीबी की उम्मीदें जग गयीं।

आरसीबी इन दो विकेटों के साथ कुछ देर के लिये गुजरात की रफ्तार कम करने में सफल रही। सिराज ने 18वें ओवर में डेविड मिलर को आउट किया, लेकिन गिल ने इस ओवर में दो छक्के मारकर गुजरात के ऊपर से दबाव खत्म कर दिया। आखिरी ओवर में गुजरात को आठ रन चाहिये थे जबकि गिल शतक से दो रन दूर थे। वेन पार्नेल ने पहली आधिकारिक गेंद फेंकने से पहले ही नो बॉल और वाइड के जरिये दो रन दे दिये, लेकिन यह गिल को उनके शतक तक पहुंचने से नहीं रोक सका। इससे पूर्व, आरसीबी ने टॉस हारकर बल्लेबाजी करते हुए विस्फोटक शुरुआत की। कोहली और फाफ डु प्लेसिस की जोड़ी एक बार फिर पूरे रंग में नज़र आयी और दोनों ने पावरप्ले में 62 रन जोड़ते हुए इस सीजन की आठवीं अर्द्धशतकीय साझेदारी की। इस दौरान स्पिनर भी कोहली की रनगति पर लगाम नहीं लगा सके।

# ऑस्ट्रेलिया ने हॉकी टेस्ट सीरीज में 2-0 की बढ़त बनाई




**एडिलेड, (वार्ता)।** ऑस्ट्रेलिया ने पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए दूसरे हॉकी टेस्ट में भारत को 3-2 से हराकर तीन मैचों की श्रृंखला में 2-0 की अजेय बढ़त बना ली।

टैटम स्टीवर्ट ने 12वें मिनट में गोल करके कंगारुओं का खाता खोला। संगीता कुमारी ने एक मिनट बाद ही गोल दागकर भारत के लिये स्कोर बराबर कर दिया। दोनों टीमों ने दूसरे क्वार्टर में एक-दूसरे को कड़ी टक्कर दी, जिसके बाद मेजबान टीम ने मैच का अपना दूसरा गोल गंवा दिया। भारत ने 17वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर पर गुरजीत कौर के गोल की मदद से पहली बार सीरीज में बढ़त हासिल की। भारत ने हालांकि तीसरे क्वार्टर में अपनी बढ़त गंवा दी। पीपा मॉर्गन ने 38वें मिनट में ऑस्ट्रेलिया के लिये स्कोर बराबर किया, जबकि स्टीवर्ट ने तीसरा क्वार्टर समाप्त होने से ठीक पहले पेनल्टी पर दूसरा गोल कर ऑस्ट्रेलिया को बढ़त दिला दी। अंतिम क्वार्टर में भारत को ऑस्ट्रेलिया के अचूक रक्षण के आगे कड़ी मेहनत करनी पड़ी। मैच खत्म होने में जब चार मिनट बचे थे तब गोलकीपर जो न्यूमैन ने भारत को निर्णायक पेनल्टी कॉर्नर पर गोल नहीं करने दिया और ऑस्ट्रेलिया ने सीरीज जीत ली।

# अतंरराष्ट्रीय

## पाकिस्तान के बलूचिस्तान में सैन्य चौकी पर हमला, तीन सैनिकों की मौत, एक आतंकी ढेर



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के दक्षिण-पश्चिमी प्रांत बलूचिस्तान में आतंकवादियों के एक समूह ने एक सैन्य चौकी पर हमला कर तीन सैनिकों की हत्या कर दी है। पाकिस्तानी अखबार डॉन ने सेना की मीडिया मामलों की शाखा इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) की ओर से जारी बयान का हवाला देते हुए अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी है। अखबार ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि यह हमला शनिवार को बलूचिस्तान के जरगुन इलाके में हुआ। आईएसपीआर ने कहा कि आतंकवादियों ने जिस सैन्य चौकी पर हमला किया, उसे हाल ही में 'क्षेत्र में कोयला खदानों को लक्षित करने वाले जबरन वसूली के प्रयासों की जांच में मदद करने के लिए' स्थापित किया गया था। आईएसपीआर ने कहा कि हमले में एक आतंकवादी और तीन पाकिस्तानी सैनिक मारे गए। पाकिस्तानी अखबार डॉन के मुताबिक पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने इस हमले की निंदा की है।

## अल सल्वाडोर फुटबॉल स्टेडियम में भगदड़ मचने से नौ की मौत,90 घायल



**क्सिको सिटी।** अल सल्वाडोर की राजधानी सैन साल्वाडोर के कुस्कतलान फुटबॉल स्टेडियम में भगदड़ मचने से नौ लोगों की मौत हो गयी और 90 से अधिक अन्य घायल हो गये है। राष्ट्रीय नागरिक पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने ट्विटर पर कहा, "कुस्कटलान स्टेडियम में भगदड़ के बाद मरने वालों की संख्या नौ लोगों की है। कई घायल प्रशंसकों को पास के अस्पतालों में ले जाया जा रहा है, जिनमें से कम से कम दो की हालत गंभीर है।" पुलिस ने कहा कि भगदड़ शनिवार की रात उस समय हुई जब प्रशंसकों ने एलियांजा और एफएएस फुटबॉल क्लबों के बीच मैच देखने के लिए स्टेडियम में प्रवेश करने का प्रयास किया और खेल रोक दिया गया। राष्ट्रपति के प्रेस कार्यालय ने कहा कि यह घटना नकली टिकटों की बिक्री के कारण हुई और निराश प्रशंसकों ने स्टैंड में प्रवेश करने की कोशिश की। स्वास्थ्य मंत्री फ्रांसिस्को अलबी ने ट्विटर पर कहा कि आपातकालीन टीमों को तैनात किया गया है और नाबालिगों सहित लगभग 90 लोगों का इलाज किया जा रहा है। सल्वाडोर के राष्ट्रपति नायब बुकेले ने ट्विटर पर कहा कि इस घटना की विस्तृत जांच की जाएगी, और वादा किया कि जो भी अपराधी हैं, वे सज़ा से बचे नहीं रहेंगे। मीडिया ने प्रत्यक्षदर्शियों के हवाले से कहा कि पुलिस ने स्टेडियम के बाहर आंसू गैस के गोले छोड़े, जिससे भगदड़ मच गई।

## मेक्सिको में कार रेस के दौरान अज्ञात हमलावरों ने बरसाई गोलियां, 10 लोगों की मौत



**मेक्सिको सिटी।** मेक्सिको के बाजा कैलिफोर्निया राज्य के मिलेनियो में एक कार रेस के दौरान हुए सशस्त्र हमले में कम से कम 10 लोगों की मौत हो गई और नौ अन्य घायल हो गए। द न्यूजपेपर ने स्थानीय अधिकारियों के हवाले से अपनी रिपोर्ट में बताया कि सशस्त्र हमलावरों ने शनिवार को बाजा कैलिफोर्निया के एनसेनाडा में कार रेस प्रतिभागियों के एक समूह पर गोलियां चलाईं, जिसमें कम से कम 10 लोग मारे गए और 09 अन्य घायल हो गए। यह हमला एक सुविधा स्टोर के सामने हुआ जहां रेस चालक रुके हुए थे। एक भूरे रंग की वैन स्टोर तक पहुंची और अज्ञात व्यक्तियों ने वाहन से गोलियां चला दीं।

## छोटी खबरें



### क्रूज ड्रग मामला: CBI के समक्ष पेश हुए समीर वानखेड़े, 25 करोड़ रुपए रिश्वत मांगने का है आरोप

**मुंबई।** नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) के मुंबई के पूर्व क्षेत्रीय निदेशक समीर वानखेड़े बॉम्बे उच्च न्यायालय द्वारा जारी एक निर्देश के जवाब में मुंबई में केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) के कार्यालय में पेश हुए। अक्टूबर 2021 कोर्डेलिया क्रूज़ ड्रग बस्ट से संबंधित 25 करोड़ रुपए के जबरन वसूली का मामला दर्ज किया गया था, जिसमें अभिनेता शाहरुख खान के बेटे आर्यन को गिरफ्तार किया गया था। भारतीय राजस्व सेवा (आईआरएस) अधिकारी को अभी गिरफ्तार किए जाने की संभावना नहीं है, क्योंकि सीबीआई ने शुक्रवार को बंबई उच्च न्यायालय की न्यायमूर्ति शर्मिला यू देशमुख और आरिफ एस डॉक्टर की अवकाश पीठ को आश्वासन दिया कि केंद्रीय एजेंसी वानखेड़े के खिलाफ 22 मई तक कोई कठोर कार्रवाई नहीं करेगी। बहरहाल, सीबीआई ने पिछले सप्ताह भारतीय दंड संहिता और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत वानखेड़े, एनसीबी के तत्कालीन अधीक्षक विश्व विजय सिंह और एनसीबी की मुंबई क्षेत्रीय इकाई के तत्कालीन खुफिया अधिकारी आशीष रंजन के साथ-साथ निजी व्यक्तियों के पी गोसावी, सैनविले डिसूजा और अज्ञात के खिलाफ भ्रष्टाचार का मामला दर्ज किया था।

### बीएसएफ ने अमृतसर सीमा के पास नशीला पदार्थ ले जा रहे पाकिस्तानी ड्रोन को मार गिराया



**जालंधर (वार्ता)।** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के जवानों ने शनिवार देर रात अमृतसर जिले के धनोकलां गांव के पास एक पाक ड्रोन को मार गिराया। बीएसएफ के जनसंपर्क अधिकारी ने रविवार को बताया कि सीमा सुरक्षा बल के जवानों को अमृतसर के गांव धनोकलां के पास एक संदिग्ध पाक ड्रोन की भनभनाहट सुनाई दी। उन्होंने बताया कि जवानों ने ड्रोन को रोकने के लिए तुरंत प्रतिक्रिया दी और पाक ड्रोन को मादक पदार्थ के साथ सफलतापूर्वक मार गिराया। क्षेत्र की प्रारंभिक तलाशी के दौरान, बीएसएफ के जवानों ने 3.3 किलोग्राम हेरोइन की खेप के साथ एक ड्रोन (क्वाडकॉप्टर, डीजेआई मैट्रिस, 300 आरटीके) बरामद किया।

### हिमाचल: ब्यास नदी में राफ्ट पलटने से महिला पर्यटक की मौत

**शिमला (वार्ता)** हिमाचल प्रदेश के कुल्लू जिले में रिवर राफ्टिंग जानलेवा भी साबित हो रही है। बबेली में आईटीबीपी कैंप के समीप ब्यास नदी में पर्यटकों की एक राफ्ट पलट गई। राफ्ट पलटने से महाराष्ट्र की एक महिला पर्यटक की मौत हो गई है। इसी राफ्ट में बैठे चार अन्य पर्यटकों को रेस्क्यू कर लिया गया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पिछले 22 दिनों में ब्यास नदी में पर्यटकों के साथ यह दूसरा हादसा पेश आया है।

## शत्रुता नहीं अपनत्व की भावना से होगा रूस-यूक्रेन टकराव का अंत, जी-7 में बोले पीएम मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रूस यूक्रेन के बीच टकराव को समाप्त करने के लिए विश्व के सर्वाधिक समृद्ध एवं शक्तिशाली सात देशों को भगवान बुद्ध के संदेश पर चलने का आह्वान किया जिसके अनुसार, "शत्रुता से शत्रुता शांत नहीं होती। अपनत्व से शत्रुता शांत होती है।" मोदी ने जी-7 शिखर सम्मेलन के दूसरे दिन नौवें सत्र में अपने आरंभिक वक्तव्य में यह आह्वान किया। नौवें सत्र में वैश्विक शांति, स्थिरता एवं समृद्धि के विषय पर चर्चा में रूस यूक्रेन का विषय छाया रहा। पीएम मोदी ने रूस यूक्रेन संघर्ष को टालने में संयुक्त राष्ट्र एवं सुरक्षा परिषद की विफलता का हवाला देते हुए वैश्विक निकायों में सुधार की मांग को पुरज़ोर तरीके से रखा। इस मौके पर अमेरिका के राष्ट्रपति जोसेफ आर बिडेन, ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक, फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों, जर्मनी के चांसलर ओलोफ शोल्ज़, जापान के प्रधानमंत्री फूमियो किशिदा और ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज़ भी मौजूद थे।



यूक्रेन के राष्ट्रपति वोल्दोमिर ज़ेलेन्स्की के बयान का हवाला देते हुए पीएम मोदी ने कहा, "आज हमने राष्ट्रपति ज़ेलेंस्की को सुना। कल मेरी उनसे मुलाकात भी हुई थी। मैं वर्तमान परिस्थिति को राजनीति या अर्थव्यवस्था का मुद्दा नहीं मानता। मेरा मानना है कि यह मानवता का मुद्दा है, मानवीय मूल्यों का मुद्दा है। हमने शुरू से कहा है कि संवाद और कूटनीति ही एकमात्र रास्ता है और इस परिस्थिति के समाधान के लिए, भारत से जो कुछ भी बन पड़ेगा, हम यथासंभव प्रयास करेंगे।" प्रधानमंत्री ने कहा कि वैश्विक शांति, स्थिरता और समृद्धि हम सब का साझा उद्देश्य है। आज के अंतरनिर्भर विश्व में, किसी भी एक क्षेत्र में तनाव सभी देशों को प्रभावित करता है और विकासशील देश, जिनके पास सीमित संसाधन हैं, सबसे अधिक प्रभावित होते हैं। वर्तमान वैश्विक स्थिति के चलते, भोजन, ईंधन और उर्वरक संकट का अधिकतम और सबसे गहरा प्रभाव इन्हीं देशों को भुगतना पड़ रहा है। उन्होंने वैश्विक निकायों की विफलता का संकेत करते हुए कहा, "यह सोचने की बात है, कि भला हमें शांति और स्थिरता की बातें अलग-अलग मंचों में क्यों करनी पड़ रही हैं? संयुक्त राष्ट्र जिसकी शुरुआत ही शांति स्थापित करने की कल्पना से की गयी थी, भला आज संघर्षों को रोकने में सफल क्यों नहीं होता?आखिर क्यों, संयुक्त राष्ट्र में आतंकवाद की परिभाषा तक मान्य नहीं हो पाई है?"

उन्होंने कहा, "अगर आत्मचिंतन किया जाए, तो एक बात साफ़ है कि पिछली सदी में बनाये गए संस्थान, 21वीं सदी की व्यवस्था के अनुरूप नहीं हैं। वर्तमान की वास्तविकताओं को प्रतिबिंबित नहीं करते। इसलिए जरूरी है कि संयुक्त राष्ट्र जैसे बड़े संस्थानों में सुधारों को मूर्त रूप दिया जाये। इनको ग्लोबल साउथ की आवाज भी बनना होगा। वरना हम संघर्षो को ख़त्म करने पर सिर्फ चर्चा ही करते रह जाएंगे। संयुक्त राष्ट्र और सुरक्षा परिषद मात्र एक टॉक शॉप बन कर रह जायेंगे।" पीएम मोदी ने कहा कि यह जरूरी है कि सभी देश संयुक्त राष्ट्र घोषणापत्र, अंतर्राष्ट्रीय कानून और सभी देशों की संप्रभुता और प्रादेशिक अखंडता का सम्मान करें। यथास्थिति को बदलने की एकतरफा कोशिशों के खिलाफ मिलकर आवाज उठायें। भारत का हमेशा यह मत रहा है।

## वायुसेना ने मिग-21 लड़ाकू विमानों की उड़ान रोकी, तीन स्क्वाड्रन के 50 जेट ग्राउंडेड

**नई दिल्ली।** इंडियन एयरफोर्स ने मिग-21 लड़ाकू विमान के पूरे बेड़े के उड़ान भरने पर रोक लगा दी है। राजस्थान में 8 मई को क्रैश हुए मिग-21 की जांच पूरी होने तक सभी विमानों को ग्राउंडेड रखने का फैसला किया है। राजस्थान के हनुमानगढ़ में मिग-21 फाइटर जेट क्रैश में तीन महिलाओं की मौत हो गई थी। एयरफोर्स अधिकारियों ने शनिवार को कहा कि हादसे की वजहों का पता लगने तक मिग विमान उड़ान नहीं भरेंगे। फिलहाल एयरफोर्स में मिग-21 की तीन स्क्वाड्रन हैं। हर स्क्वाड्रन में 16 से 18 एयरक्राफ्ट होते हैं। इस हिसाब से लगभग 50 मिग-21 सर्विस में हैं। इन्हें 2025 तक रिटायर किया जाना है। इंडियन एयरफोर्स के पास कुल 31 कॉम्बेट स्क्वाड्रन हैं। भारतीय वायुसेना का मानना है कि चीन या पाकिस्तान से युद्ध हुआ, तो हमें इन दोनों देशों की साझा वायुसेना का सामना करना पड़ सकता है। इसी खतरे के मद्देनजर हमारी वायुसेना में लड़ाकू विमानों की 42 स्क्वाड्रन रखना तय किया गया है। हमारी एक स्क्वाड्रन में करीब 18 विमान होते हैं। हालांकि लगातार मिग 21 के कैश होने और नए विमान खरीदने में नाकामी के चलते आज हमारी वायुसेना 42 की जगह 32 स्क्वाड्रन से काम चला रही है। इनमें भी अकेले मिग-21 की तीन स्क्वाड्रन हैं। यही वे स्क्वाड्रन हैं जिनकी उड़ान पर रोक लगा दी गई है। इससे अचानक वायुसेना का शक्ति संतुलन बिगड़ गया है। डिफेंस एक्सपर्ट्स के मुताबिक चीनी सेना के पश्चिमी कमांड के पास करीब 200 लड़ाकू विमान हैं। वहीं पाकिस्तानी वायुसेना के पास करीब 350 विमान हैं।

## जी-20 : कश्मीर आने से चीन का इनकार, विदेश मंत्रालय ने कहा, विवादित जगह पर बैठक नहीं करेंगे

**श्रीनगर।** श्रीनगर में 22 से 24 मई तक जी-20 की बैठक होनी है। चीन ने शनिवार को इसमें शामिल होने से इनकार कर दिया है। पहले बीजिंग के हिस्सा नहीं लेने की खबरें आ रही थीं। अब वहां के विदेश मंत्रालय ने ऑफिशल बयान जारी कर मीटिंग का बॉयकाट की पुष्टि की। चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता वांग वैनबिन ने कहा कि चीन विवादित क्षेत्र पर किसी भी प्रकार की जी-20 बैठक का पूरी तरह से विरोध करता है। चीन के इस बयान पर भारत ने आपत्ति जताई है। भारत ने पड़ोसी देश को जवाब देते हुए कहा, वह अपने क्षेत्र में बैठकें आयोजित करने के लिए पूरी तरह से स्वतंत्र है। इससे पहले मार्च में जब अरुणाचल प्रदेश में जी-20 मीटिंग आयोजित की गई थी। तब भी चीन ने बैठक में हिस्सा नहीं लिया था, तब पाकिस्तान ने चीन के इस बॉयकाट का समर्थन किया था। कश्मीर में जी-20 बैठक के विरोध में चीन और पाकिस्तान हर बार




साथ खड़े नजर आए। इस महीने की शुरुआत में, चीन और पाकिस्तान दोनों ने एक संयुक्त बयान जारी करते हुए लंबे समय से चल रहे कश्मीर विवाद मुद्दे को उठाया था। पाकिस्तान के बचाव में उतरते हुए चीन ने कहा था कि भारत और पाकिस्तान के बीच कश्मीर विवाद काफी समय से अटका हुआ है और किसी भी एकतरफा कार्रवाई से बचते हुए इसे संयुक्त राष्ट्र के प्रस्तावों के अनुसार हल किया जाना चाहिए।

## छत्तीसगढ़ में बारिश-आंधी-तूफान ने मचाया तांडव

रायपुर। छत्तीसगढ़ में अचानक मौसम ने मिजाज बदला, जिसके बाद गरज के साथ तेज बारिश हुई। अचानक आए आंधी तूफान और बारिश ने पूरे शहर का हाल बिगाड़ दिया। कई जगहों में पुराने पेड़ उखड़ गए और कई जगहों पर पेड़ की टहनियां सडक़ पर गिरी। दोपहर ढाई बजे से शुरु हुई बारिश देर शाम तक चलती रही। कई दिनों से तेज गर्मी से झुलस रहे लोगों को अचानक आंधी बारिश के बाद राहत मिली। अचानक मौसम ने करवट ली और तेज आंधी तूफान के बवंडर में पूरा शहर घिर गया। यहां बारिश के बाद तापमान में चार डिग्री की गिरावट देखने को मिली।



जगदलपुर में दोपहर को 40.7 का अधिकतम तापमान था जो शाम को 36.6 डिग्री सेल्सियस तक कम हो गया। दुकानों और सडक़ों में लगे बड़े-बड़े होर्डिंग को तूफान अपने साथ उड़ा ले गया। तेज़ बारिश, बिजली की गडग़ड़ाहट, ओले और आधी तूफान के बीच भले ही गर्मी से लोगों को राहत मिली लेकिन मौसम के मचे तांडव ने लोगों को काफी ज्यादा डरा दिया है। कई जगहों पर तेज हवाओं के कारण सालों पुराने विशालकाय पेड़ उखड़ गए। जिसे हटाने नगर निगम और बिजली कर्मचारियों को मशक्कत करनी पड़ी। आंधी तूफान की वजह से कई इलाकों में देर रात तक बिजली आई। दोपहर के समय जवान खाना खाने के बाद आराम कर रहे थे। जो जवान कैंप में तैनात थे बारिश शुरू होते ही वे भी अपने बैरक में अंदर आसरा लेने के लिए पहुंचे। इस दौरान तेज आंधी-तूफान के कारण बैरक की छत टूटकर आराम कर रहे जवानों के ऊपर गिर गया।

# कुछ राष्ट्रविरोधी राजनीतिक दलों के संरक्षण से बेटियों के साजिशकर्ताओं को मिला बल: स्वामी यतीश्वरानंद







पूर्व कैबिनेट मंत्री स्वामी यतीश्वरानंद के प्रयास से क्षेत्र की महिलाओं को दिखवाई गई "द केरल स्टोरी" फिल्म

जोगेंद्र मावी / उत्तराखंड प्रहरी ब्यूरो

**लालढांग।** पूर्व कैबिनेट मंत्री स्वामी यतीश्वरानंद के प्रयास से विधानसभा क्षेत्र के कई गांवों की महिला और बालिकाओं को "द केरल स्टोरी" फिल्म दिखवाकर जागरूक करने का काम किया। उन्होंने कहा कि कुछ राष्ट्रविरोधी राजनीति दल की अनदेखी के चलते हुए देश की महिलाओं के साथ अहसनीय अत्याचार हुए। जिससे सजग रहने की जरूरत है।

रविवार को पूर्व कैबिनेट मंत्री स्वामी यतीश्वरानंद के प्रयास से ग्रामीण क्षेत्र की नारी शक्ति व बालिकाओं को देश व विश्व में आतंकवाद की वास्तविक तस्वीर बयां कर रही "द केरल स्टोरी" फिल्म दिखवाई गई। फिल्म देखने के लिए रसूलपुर, टाटवाला, लालढांग, चमरिया, अंदर पीली, डालूपुरी आदि ग्रामों की महिलाएं गई। स्वामी यतीश्वरानंद ने कहा कि बिना गोली और बारूद का प्रयोग कर हमारे युवाओं को देश विरोधी गतिविधियों में शामिल कर उनका भविष्य बर्बाद करना ही कुछ आतंकवादियों का उद्देश्य है। कुछ राष्ट्रविरोधी राजनीतिक दलों का संरक्षण भी ऐसे साजिशकर्ताओं को बल प्रदान कर रहा है।

फिल्म देखकर आई महिलाओं ने कहा कि बेटियों को जागरूक होने की जरूरत है। दूसरे समुदाय के असामाजिक तत्वों के प्रलोभनों में न आए। कुछ लोग सपने दिखाकर भावना लूटकर भोली भाली बेटियों का भविष्य बर्बाद कर देते है। ऐसे माहौल में अभिभावकों की भी जिम्मेदारी ज्यादा बढ़ जाती है, उन्हें सतर्क रहने की जरूरत है, क्योंकि एक बार बेटी के साथ कोई घटना घट गई तो दोबारा से जीवन जीना मुश्किल हो जाता है।

## मालसी में हुए अग्निकांड के पीड़ित परिवार से मिले कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी

वेणीराम उनियाल / उत्तराखंड प्रहरी ब्यूरो

**देहरादून।** कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने रविवार को देहरादून के राजपुर के निकट मालसी में हुए अग्निकांड के पीड़ित परिवार से मुलाकात की। इस अवसर पर मंत्री गणेश जोशी ने प्रभावित परिवार वालो की यथा स्थिति को देखते हुए राशन सामग्री सहित रोजमर्रा में इस्तेमाल में आने वाली आवश्यक राहत सामग्री भी प्रदान की और पीड़ित परिवार वालों को सरकार की तरफ से हर संभव मदद का भरोसा दिलाया। साथ ही, कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने जिला प्रशासन को आग की घटना से हुए पीड़ित परिवार के नुकसान का आंकलन कर संगीता देवी को तत्काल सहायता प्रदान करने के लिए भी निर्देशित किया। मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि मुख्यमंत्री राहत कोष के माध्यम से भी पीड़ित परिवार वालो की मदद की जाएगी।



गौरतलब है कि शनिवार शाम को देहरादून के मालसी स्थित खालागाँव में संगीता देवी पत्नी सुखदेव के घर में आग लगने से घर रखा पूरा आग का सामान खाक हो गया था, जिसको देखते हुए मंत्री गणेश जोशी ने स्थानीय पार्षद सुंदर सिंह कोठाल की सूचना पर पीड़ित परिवार को मदद का हाथ बढ़ाया। रोजमर्रा के सामान में आटा, चावल, दाल, तेल, चीनी सहित बर्तन एवं बेड-बिस्तर प्रदान किए। उन्होंने आवश्यकता पड़ने पर आगे भी मदद का भरोसा दिलाया। इस अवसर पर सुंदर सिंह कोठाल, मुकुल बग़रीयाल, महानगर मंत्री सचिन कुमार, शुभभ आदि उपस्थित रहे।



## हाइवे किनारे सर्विस रोड का विधायक व ग्राम प्रधान ने किया शुभारंभ

**बहादराबाद।** बहादराबाद लज्जा होटल से राधिका एनक्लेव तक हाइवे किनारे सर्विस रोड का ग्राम प्रधान नीरज चौहान के सौजन्य से ज्वालापुर विधायक रवि बहादुर और प्रधान नीरज चौहान ने रिबन काटकर व नारियल फोड़कर लोकार्पण किया। इस अवसर पर विधायक रवि बहादुर ने कहा कि चार महीने पूर्व राधिका एनक्लेव के स्थानीय लोगो और प्रधान नीरज चौहान द्वारा हाईवे पर सर्विस रोड के लिए प्रस्ताव दिया था। लोगों का कहना था कि सर्विस रोड नहीं होने से आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती है। राधिका एनक्लेव तक जाने के लिए लोग हाईवे की गलत दिशा से जाते है जिसके कारण दुर्घटनाएं घटित होने का भय रहता है। इसके लिए सर्विस रोड की बहुत आवश्यकता है। विधायक ने एनएचएआई के अधिकारियों से वार्ता कर चार महीने में सड़क बनवाई। प्रधान नीरज चौहान व कॉलोनी वासियों ने विधायक रवि बहादुर का सड़क बनवाने को लेकर धन्यवाद किया इस अवसर पर प्रधान नीरज चौहान, अक्षय चौहान, शिवकुमार, घनश्याम, मंगा हसन, सदर, अंकुर चौहान, अंशुल चौहान, संजय नेगी राजबीर, नीरज राना, मनोज शर्मा, रूपेश कुमार, लक्ष्मण रावत, अनिल कपूर, आदि उपस्थित थे।

## रिटायर आर्मी ऑफिसर पर फायर झोंकने वाले हुए गिरफ्तार, इस मामले को लेकर हुई थी झड़प

**देहरादून।** प्रेमनगर थाना क्षेत्र में रेस्टोरेंट्स संचालक रिटायर आर्मी ऑफिसर के साथ खाने को लेकर हुए झगड़े में जान से मारने की नियत से फायर करने वाले दो आरोपियों को प्रेम नगर पुलिस ने नंदा की चौकी से किया गिरफ्तार, आपको बता दें कि प्रेमनगर थाना क्षेत्र के करी किंगडम रेस्टोरेंट में अज्ञात व्यक्तियों के द्वारा 19 मई को देर रात रेस्टोरेंट्स मालिक पर गोली चला दी जिसकी सूचना पर प्रेमनगर पुलिस ने मामला दर्ज करते हुए अज्ञात व्यक्तियों की खोज में जुट गई जिसके बाद 50 सीसीटीवी कैमरे का अवलोकन करते हुए तथा संदिग्ध कार की पहचान करते हुए प्रेमनगर पुलिस ने दो आरोपी गौरव चौहान और सुंदर को नंदा की चौकी से गिरफ्तार किया गया ,,दोनों आरोपियों ने बताया कि दोनों साथ में बसंत बिहार में रहते हैं तथा प्राइवेट कार्य करते हैं गौरव राजपूत रेजीमेंट से वर्ष 2022 में लांस नायक के पद से रिटायर हुआ है ,थाने में तेल ज्यादा होने की शिकायत पर दोनों आरोपियों ने रेस्टोरेंट संचालक व उसकी पत्नी पर अपनी लाइसेंसी पिस्टल से जान से मारने की नियत से उन पर फायर कर दिया जो कि मिस हो गया।




स्वामी, मुद्रक प्रकाशक/संपादक- विकास गर्ग ने भगवती प्रिंटिंग प्रेस, इंडस्ट्रियल एरिया, हरिद्वार उत्तराखंड से मुद्रित करवाकर 54 आवास विकास, विवेक विहार, रानीपुर मोड़, हरिद्वार उत्तराखंड से प्रकाशित किया।
प्रकाशक / संपादक : विकास गर्ग- फोन : 9897766448, : मुख्य संपादक / सुमित तिवारी- फोन : 8077771906 : Email : uttarakhandprahari19@Gmail.com